प्रिलिम्स फैक्ट: 17 सितंबर, 2021

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-17-september-2021

मैमथ गुफा

मैमथ गुफा

Mammoth Cave: US

हाल ही में **मैमथ गुफा (Mammoth Cave)** की आधिकारिक लंबाई 420 मील तक बढ़ा दी गई है।

प्रमुख बिंदु:

- अतिरिक्त माइलेज (8 मील) को **केव रिसर्च फाउंडेशन** द्वारा प्रलेखित किया गया था।
- **केंटकी (संयुक्त राज्य) राज्य में स्थित मैमथ केव नेशनल पार्क** में प्राकृतिक गुफाओं और भूमिगत मार्गों का विश्व का सबसे बड़ा नेटवर्क है, जो चूना पत्थर संरचनाओं (**कार्स्ट स्थलाकृति**) के विशिष्ट उदाहरण हैं।
    - यह एक **विश्व धरोहर स्थल** है (वर्ष 1981 में नामित)।
    - यह वर्ष 1990 में एक **अंतर्राष्ट्रीय बायोस्फीयर रिज़र्व** बन गया।
- **कार्स्ट स्थलाकृति:**

- यह एक प्रकार का परिदृश्य है जहाँ बैडरोक के घुलने से सिंकहोल, सिंकिंग स्ट्रीम, गुफाएँ, झरने और अन्य विशिष्ट विशेषताओं का निर्माण होता है।
- कार्स्ट घुलनशील चट्टानों जैसे- चूना पत्थर, संगमरमर और जिप्सम से संबंधित है।
- सामान्य तौर पर एक विशिष्ट कार्स्ट परिदृश्य तब बनता है जब सतह पर गिरने वाला अधिकांश जल दरारों, फ्रैक्चर आदि के माध्यम से उपसतह पर प्रवेश करता है और बैडरोक में घुल जाता है।

    भूमिगत बहाव के बाद (कभी-कभी लंबी दूरी के लिये) यह जल झरनों के रूप में बहता है, जिनमें से कई गुफा प्रवेश द्वार हैं।